PURNEA UNIVERSITY, PURNIA

[Estd. In 2018 under the Bihar State Universities (Amendment) Act, 2016 (Bihar Act,13, 2016)]

(Administrative Block, Pratap Nagar, Purnea Bihar – 854301)

website : https://www.purneau.ac.in E-mail : registrar@purneau.ac.in

पत्रांक: PUP(RO – 329/26) – R / 26 – 1901 दिनांक : 24.11.2026

अधिसूचना

राज्यपाल सचिवालय, बिहार लोक भवन, पटना के पत्रांक: पी०आर०एन० यू० – 02/2024 (पार्ट–1) – 2860/रा०स०(I), दिनांक: 24.11.2026 के निर्देशानुसार पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ का द्वितीय दीक्षांत समारोह, जो पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 28.11.2026 (शनिवार) को आयोजित किया जाना था, की तिथि अपरिहार्य कारणों से संशोधित की गई है। तदनुसार, उक्त द्वितीय दीक्षांत समारोह अब पूर्व निर्धारित तिथि 28.11.2026 के स्थान पर संशोधित तिथि 04.12.2026 (शुक्रवार) को आयोजित किया जाएगा।

दीक्षांत समारोह में उपाधि प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को विशेष रूप से सूचित किया जाता है कि वे दीक्षांत समारोह की संशोधित तिथि के अनुरूप अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें तथा समारोह से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देशों का अनुपालन करें। दीक्षांत समारोह से संबंधित किसी भी सूचना, अपडेट अथवा अन्य आवश्यक निर्देश हेतु विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट https://purneau.ac.in का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें, ताकि समय-समय पर जारी सूचनाओं से अवगत रह सकें।

सभी संबंधित पदाधिकारियों, संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों, प्रधानाचार्यों, आयोजन समितियों एवं अन्य संबंधित व्यक्तियों को उक्त संशोधित तिथि से अवगत कराया जाता है। साथ ही, दीक्षांत समारोह के सफल, सुव्यवस्थित एवं गरिमामूर्ण आयोजन हेतु अपने-अपने दायित्वों के निर्वहन में आवश्यक तैयारियाँ एवं कार्रवाई संशोधित तिथि के अनुरूप सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जाता है।

दीक्षांत समारोह के आयोजन से संबंधित अन्य सभी निर्देश एवं व्यवस्थाएँ, जो पूर्व में निर्गत की गई हैं, यथावत रहेंगी, जब तक कि उनमें सक्षम प्राधिकार द्वारा कोई संशोधन नहीं किया जाता है।

माननीय कुलपति के आदेशानुसार

24.11.26

(प्रो. अखिलेश कुमार)

कुलसचिव

दिनांक : 24.11.2026

ज्ञापांक: PUP(RO – 329/26) – R / 26 – 1901

प्रतिलिपि : सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित : -

1. राज्यपाल के सचिव, बिहार लोक भवन, पटना।
2. सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, बिहार सरकार, पटना।
3. सभी संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष / पदाधिकारीगण, पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ।
4. सभी प्रधानाचार्य/ प्रभारी प्रधानाचार्य, अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालय, पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ।
5. सभी संयोजक एवं सदस्य, द्वितीय दीक्षांत समारोह आयोजन समितियाँ, पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ।

Scanned with OKEN Scanner

6. विश्वविद्यालय के सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मचारी, पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ।
7. दीक्षांत समारोह में उपाधि प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राएँ, पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ।
8. विश्वविद्यालय के सूचना पट्ट एवं वेबसाइट पर प्रकाशन हेतु।
9. गार्ड फाईल।

24.11.24

(प्रो. अखिलेश कुमार)
कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner